सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - १९ सोमवार – २१/१०/२०२४ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### विदेश मंत्री की पाक यात्रा के संकेत।

विदेश मंत्री एस जयशंकर की हालिया पाकिस्तान यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों में जिस तरह पॉजिटिविटी का माहौल बनाया है, हालांकि यह पॉजिटिविटी कब तक कायम रहती है और द्विपक्षीय रिश्तों को कितनी गर्मजोशी दे पाती है, यह देखना अभी बाकी है। शांघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की शिखर बैठक के सिलसिले में विदेश मंत्री का पाकिस्तान जाना अपने आप में इस बात का उदाहरण था कि दोनों देशों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं हैं। कायदे से इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत होनी चाहिए थी, लेकिन स्थिति यह थी कि विदेश मंत्री जयशंकर के रूप में एक वरिष्ठ मंत्री का जाना भी एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट माना गया। खुद जयशंकर ने भी जाने से पहले ही साफ कर दिया था कि इस यात्रा में द्विपक्षीय रिश्तों पर किसी तरह की बातचीत वह नहीं करने वाले हैं। इसके बावजूद पाकिस्तानी मीडिया में इसे दोस्ती की तरफ बढ़ा कदम माना गया। इसके बाद अब नवाज शरीफ का इस सिलसिले में आया बयान भी पॉजिटिव है। विदेश मंत्री जयशंकर की पाकिस्तान में मौजूदगी में निहित शालीनता और गरिमा को रेखांकित करना हो तो इसे पिछले साल हुई पाकिस्तानी के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की यात्रा के संदर्भ में देखना होगा। वह भी ैब्व के विदेशमंत्रियों की बैठक के ही सिलसिले में आए थे। वह भी 12 साल के अंतराल के बाद पाकिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की भारत यात्रा थी। लेकिन वह यात्रा उनके तीखे और कड़वे बयानों के लिए चर्चित हुई। उससे दोनों देशों के रिश्तों की गुत्थी सुलझाने में कोई मदद नहीं मिली। इसके उलट जयशंकर ने न केवल SCO के मंच का इस्तेमाल विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मसलों पर भारत के स्टैंड की अहमियत समझाने में की, बल्कि अपने बॉडी लैंग्वेज और व्यक्तित्व से मेजबान को भी प्रभावित किया। यही वजह रही कि उनके लौटने के बाद पाकिस्तान में सत्तारूढ़ PML के सबसे बड़े नेता और तीन बार के पीएम नवाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने का आह्वान कर दिया।

## भारतीय हाईकमिशन बोले- कनाडा खालिस्तानियों का सहयोगी ।

कनाडा में भारत के हाईकमिश्नर रहे संजय वर्मा ने जस्टिन ट्रूडो सरकार पर खालिस्तानियों को पनाह देने का आरोप लगाया है। वर्मा ने भारत लौटने से ठीक पहले रविवार को कनाडाई न्यूज चौनल ब्ज्ट को एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने कहा कि कनाडाई खुफिया एजेंसी खालिस्तानी कट्टरपंथी और आतंकियों को बढ़ावा दे रही है।

हाईकमिश्नर वर्मा ने कहा कि कनाडा में रहने वाले खालिस्तानी आतंकी भारतीय नहीं, बल्कि कनाडा के नागरिक हैं। ये लोग कनाडा की जमीन से भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं। हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि कनाडा सरकार ऐसे लोगों के साथ काम नहीं करे। ये भारत की संप्रभुता और अखंडता को चुनौती दे

## जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आंतकी हमला 7 की मौत व 5 घायल ,सुरक्षाबलो ने एक आंतकी मार गिराया

*केन्द्र की तरफ से चल रहे सुरंग प्रोजेक्ट पर काम करने वाले ७ मज़दूर मरे।*

जम्मू–कश्मीर के गांदरबल में रविवार रात आतंकियों ने गैर–स्थानीय लोगों पर हमला किया। इसमें डॉक्टर समेत 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 5 मजदूरों के भी घायल होने की खबर है। उन्हें श्रीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।सभी मजदूर केंद्र सरकार की तरफ से चल रहे सुरंग प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। रविवार रात से शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन सोमवार सुबह भी जारी है।

गांदरबल के इस हमले से 50 किलोमीटर दूर बारामूला में सुरक्षाबलाने 1 आतंकी को भी मार



गिराया है। उसके पास से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। इस इलाके में भी सर्च ऑपरेशन जारी है। गांदरबल का आतंकी हमला जिस क्षेत्र में हुआ है, वह CM उमर अब्दुल्ला के विधानसभा क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा– मैं इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। गृह मंत्री शाह ने कहा कि इस हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## ममता की डॉक्टरो से अपील - अनशन खत्म करे

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप–मर्डर के विरोध में अनशन कर रहे डॉक्टरों से बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने अनशन खत्म करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की अधिकतर मांगें पूरी कर दी गई हैं, हालांकि लेकिन स्वास्थ्य सचिव को हटाने की मांग को अस्वीकार कर दिया।

ममता ने कहा– हर किसी को विरोध का अधिकार है, लेकिन इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। किसी विभाग में हर किसी को एक साथ हटाना संभव नहीं है।

## जम्मु कश्मीर को पुर्ण राज्य का दर्जा,प्रस्ताव को मंजुरी , मोदी से मिलेंगे सीएम उमर अब्दुल्ला।

*अपना वादा पुरा करे केन्द्र - उप मुख्यमंत्री*

जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव को उपराज्यपाल ने शनिवार को मंजूरी दे दी। गुरुवार को राज्य के दर्जे की बहाली के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कैबिनेट ने प्रस्ताव पास किया था। डिप्टी सीएम सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा, केंद्र को अपना वादा पूरा करना चाहिए और राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए, यह हमारा अधिकार है। हम वही मांग रहे हैं जो उन्होंने पहले ही वादा किया था।इस मांग को लेकर उमर अब्दुल्ला 2 दिन में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

दरअसल, केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद




370 हटाने के साथ ही प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करते हुए उसे दो यूनियन टेरिटरी (जम्मू–कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था। उमर ने विधानसभा चुनाव के दौरान भी कहा था कि कैबिनेट की पहली मीटिंग में ही जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूर किया जाएगा।

## यूक्रेन जंग को लेकर मोदी फिक्रमंद - रूसी राष्ट्रपति

*रूस में भारतिया फिल्में भी बहुत देखी जाती है - पुतिन*

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी यूक्रेन युद्ध को लेकर बहुद फिक्रमंद रहते हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक रूस में ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन से पहले मीडिया ब्रीफिंग में पुतिन ने कहा कि जब भी उनसे बातचीत होती है, वे हर बार इस मुद्दे को उठाते हैं और अपने विचार रखते हैं। इसके लिए हम मोदी का आभार जताते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस शांतिपूर्ण तरीके से यूक्रेन संकट को समाप्त करना चाहता है। हमने इसे खत्म करने के लिए कोशिश शुरू की, लेकिन यूक्रेन ने वार्ता रोक दी। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की वजह से जंग जारी है। पुतिन ने बॉलीवुड फिल्मों की तारीफ करते



हुए कहा कि रूस में भारतीय फिल्में बहुत ज्यादा देखी जाती हैं। पुतिन ने कहा कि हम ब्रिक्स फिल्म फेस्टिवल आयोजित करते हैं। इस साल मॉस्को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ब्रिक्स देशों की फिल्में शामिल की गई हैं।

## 30 विमानों को धमकी, केंद्र ने DGCA प्रमुख को हटाया

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। CISF] NIA और IB को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है। वहीं, देर शाम केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने क्ळब्। प्रमुख विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।


वहीं, एक साथ 30 धमकियां मिलने के बाद विमान कंपनियों के बड़े अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के अफसरों से मुलाकात की। ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है।

## इजराइली पीएम नेतन्याहू के निजी आवास पर हिजबुल्लाह का ड्रोन अटेक पीएम सुरक्षित

*पीमएओ ने कि पुष्टी होम टाउन सिसेरिया में हमला ।*

हिजबुल्लाह ने नेतन्याहू के निजी आवास पर ड्रोन अटैक किया–P M O बोला– होम टाउन सिसेरिया में हमला, इजराइली च्ड और परिवार मौजूद नहीं थाइजराइल के सिसेरिया में हिजबुल्लाह का ड्रोन। यहां पर नेतन्याहू का निजी आवास है।

हिजबुल्लाह ने शनिवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के होम टाउन सिसेरिया में ड्रोन अटैक किया। PMO ने हमले की पुष्टि की है। PMO ने कहा कि इस ड्रोन अटैक में पीएम नेतन्याहू का निजीआवास निशाने पर था। हमले के वक्त नेतन्याहू और उनकी पत्नी



सारा आवास निशाने पर था। हमलके वक्त नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे। ड्रोन सिसेरिया की एक इमारत पर गिरा। कोई हताहत नहीं हुआ है। डिफेंस फोर्स ने कहा कि शनिवार को लेबनान से इजराइल पर 3 ड्रोन दागे गए।

## शेख हसीना का प्रत्यार्पण जरूरी , भारत ने मना किया तो विरोध करेंगे - बांग्लादेश कानुन मंत्री।

*बाग्लोदेश के ईंटरनेशनल क्रइम्स ट्रिब्यूनल ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट*

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में कानून मंत्री आसिफ नजरुल ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारत पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण से इनकार करने की कोशिश करता है तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, इसके बाद नजरुल ने यह टिप्पणी की। बांग्लादेशी अदालत ने गुरुवार को आदेश दिया था कि वे हसीना को 18 नवंबर तक उसके समक्ष पेश करें।मंत्री नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच पहले से ही एक प्रत्यर्पण संधि है। भारत नियमों का हवाला देकर शेख हसीना को यहां भेजने से इनकार कर सकता है, लेकिन ईमानदारी से कहें तो भारत हसीना को बांग्लादेश भेजने के लिए बाध्य है। शेख हसीना पर छात्र आंदोलन के दौरान हिंसा और मानवाधिकार के उल्लंघन के आरोप हैं। उन पर 200 से ज्यादा मामले चल रहे हैं।

## उपचुनाव: 8 राज्य की 25 सीटों पर भाजपा उम्मीदवार घोषित ।

भाजपा ने 8 राज्यों की 25 लोकसभा–विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए शनिवार शाम प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की। इसमें 24 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट शामिल है।

भाजपा ने वायनाड सीट से नाव्या हरिदास को टिकट दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस की प्रियंका गांधी से होगा। 14 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



# घरों मे बढता खतरा सीसीटीवी कैमरे ओर स्मार्ट लोक रखेंगे सुरक्षित 15 से 20 हजार तक बेहतर सिक्योरिटी

*एक्सपर्ट के अनुसार लाईव कैमरे लगवाना गलत है*



लॉक में फेस रिकग्निशन कैमरा लगवाएं। गार्डन होम्स के फ्लैट में मां–बेटी का कत्ल..यह वारदात बताती है– घर के अंदर भी अब उतना ही खतरा है, जितना घर के बाहर। खासकर अकेले रहने वाले बुजुर्ग, गृहणियां, अकेली रहने वालीं कामकाजी महिलाएं। अगर सुरक्षा के कुछ इंतजाम किए गए होते, थोड़ी सतर्कता बरती गई होती तो शायद यह घटना टल भी सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब जरूरत है, घर के अंदर खुद का सिक्योरिटी सर्विलांस सिस्टम तैयार करने की।

महज 15 से 20 हजार रुपये में ही बेहतर सिक्योरिटी सिस्टम से आप खुद को पूरी तरह सुरक्षित कर सकते हैं। जिस तरह से अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है, नजदीकी लोग हत्या जैसी दिल दहला देने वाली वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे माहौल में सीसीटीवी कैमरा जरूरत बन गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में सीसीटीवी कैमरे और स्मार्ट लाक आपको पूरी तरह सुरक्षित रखने में सक्षम हैं।.

सीसीटीवी कैमरे बाजार में दो हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक की कीमत में उपलब्ध हैं। घरों में जो कैमरे लगाए जाते हैं, उनमें लाखों रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं है। महंगे कैमरे बड़े प्रतिष्ठानों में काम आते हैं, इन्हें कार्पोरेट कैमरा कहा जाता है। एक्सपर्ट बताते हैं– अब लोग कैमरे लगवा रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी गलती कर रहे हैं, लाइव कैमरे लगवाकर। इसमें लाइव नजर आता रहेगा, यह कैमरे मोबाइल से कनेक्ट कर लिए जाते हैं। यह सिर्फ खानापूर्ति है। लाइव कैमरे स्क्रीन पर तो कारगर हैं, लेकिन मोबाइल पर नहीं। वह भी तब जब कोई 24 घंटे इसके जरिये नजर रखें। कैमरों के साथ डीवीआर जरूर लगवाएं, जिससे रिकार्डिंग होती रहे। जरूरत पड़ने पर कभी भी आप पिछले घंटे, दिनों की रिकार्डिंग आसानी से देख सकेंगे। इसका स्टोरेज कम से कम 14 दिन का जरूर रखें। कई लोग दो या तीन दिन का स्टोरेज रखते हैं। चंद पैसों की बचत में यह गलती कर बैठते हैं।

खर्च – डीवीआर के साथ दो मेगा पिक्सल के कैमरे लगवाने पर 10 से 15 हजार रुपये के बीच खर्च आएगा। अलग–अलग कंपनियों के कैमरे अलग–अलग कीमत में उपलब्ध हैं।

फेस रिकग्निशन कैमरा – अब बाजार में फेस रिकग्निशन कैमरा उपलब्ध है। यह महंगा है, इसमें कई फीचर्स होते हैं। कैमरे की एक खूबी ऐसी भी है कि जब घर का कोई व्यक्ति आएगा तभी दरवाजा खुलेगा। यह इलेक्ट्रानिक एक्सेस कंट्रोल सिस्टम से लैस है।

फिंगरप्रिंट सेंसर डोर लाक – अब बाजार में ऐसे डोर लाक उपलब्ध हैं, जो एआइ सिस्टम से चलते हैं। घरवालों के फिंगरप्रिंट के बिना इसे खोलना संभव ही नहीं है। अब यह लाक

## बीजेपी का सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान शुरू

भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार को जिले का पहला सक्रिय सदस्य बनाया गया। जन प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सक्रिय सदस्य बनकर अभियान जिले भर में शुरू किया गया।

भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ 16 अक्टूबर को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा का पहला सक्रिय सदस्य बनाया गया। शुक्रवार को प्रदेश में भोपाल से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सक्रिय सदस्य बनाकर किया गया।

## आई.टी.आई.नीमच में विशिष्ट प्लेसमेंट ड्राईव २१ अक्टूबर को

नीमच 18 अक्टूबर 2024, शासकीय आईटीआई नीमच (डुंगलावदा) में 21 अक्टूबर 2024 को समय प्रातः10 बजे से दोपहर एक बजे तक एम.आर.एफ. टायर गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राईव आयोजित किया जा रहा है। इसमें डिप्लोमा और इंजीनियरिंग, ग्रेजुएट (बी.ई. एण्ड बीटेक) आर्टस, कामर्स एण्ड साइंस ग्रेजुएट (बी.ए, बी.कॉम एण्ध्ड बी.एस.सी.), 10वी, 12वी, आईटीआई सभी ट्रेड उत्तीर्ण, आयु सीमाः– 18 से 25 वर्ष तक के पुरुष और फ्रेशर को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीदवार का वजनः– 50 किलो और उंचाई 5 फिट 3 इंच होना अनिवार्य है। इस प्लेसमेंट ड्राईव में केवल पुरुष भाग ले सकते है। अभ्यर्थी अपने साथ एक अद्यतन बायोडाटा की प्रति, 2 पासपोर्ट आकार के फोटो, सभी शैक्षणिक दस्तावेज, पैनकार्ड, आधार कार्ड, टीकाकरण प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो) लेकर प्लेसमेंट में भाग ले सकते हैं।

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर प्रशासन ने की कार्यवाही

**कनावटी में सड़क पर किया गया अवैध अतिक्रमण**




नीमच 18 अक्टूबर 2024, जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के मार्गदर्शन में प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गत मंगलवार को जनसुनवाई में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम कॉलोनी कनावटी के रहवासियों ने कॉलोनी के मुख्य मार्ग 40 फीट सड़क पर आस–पास के रहवासियों द्वारा झोपड़ी, बाड़ाबनाकर, पशु बांधकर, रोड़ी डालकर, ट्रक आदि का स्क्रेप डालकर अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। जनसुनवाई में प्राप्ध्त उक्त शिकायत की तहसीलदार नीमच नगर श्री संजय मालवीय द्वारा की गई जांच में शिकायत सही पाए जाने पर शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने मौके पर पहुंचकर ग्राम पंचायत की जे.सी.बी. के सहयोग से अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया गया है। उन्होंने अतिक्रामको को निर्देशित किया है, कि वे भविष्य में इस मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण न करे।

# नीमच पुलिस की बडी कार्यवाही ग्वालटोली से चुराई हुई पिकअप की घटना का किया पर्दाफाश l

*एसपी अंकित जायसवाल , अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया ,नगर पुलिसअधीक्षक अभिषेकरंजन के मार्गदर्शन में केन्ट थाना प्रभारी पुष्पासिंह चौहान की कार्यवाही !*





नीमच पुलिस अधीक्षक अंकित जी जायसवाल के निर्देशन में में चोरी मनुका व आरोपियो के धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक रंजन (भापूसे) के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच कंेट निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान एवं प्रभारी सायबर सेल प्रदीप शिन्दे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 09.10.2024 की रात्रि ग्वालटोली स्थित श्री कृष्ण धर्मकाटा के सामने खड़ी महेन्द्रा बोलेरो पिकअप के चोरी होने की घटना का पर्दाफाश करते हुए ०३ आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गयी महेन्द्रा बोलेरो पिकअप को बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 09.10.2024 को फरियादी विनोद पिता सुन्दरलाल ग्वाला निवासी ग्वालटोली ने अपनी पिकअप वाहन एमपी 04 जीए 7467 को श्री कृष्ण धर्मकांटा के सामने खड़ी की थी। जो कोई अज्ञात व्यक्ति पिकअप वाहन को चुराकर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट परसे पुलिस थाना नीमचकेट पर अपराध क्रमांक 453/2024 धारा 303(2) बीएनएस का कामय कर विवेचना में लिया गया पिकअप वाहन चोरी की घटना को गंभीरता से लिया जाकर पुलिस अधीक्षक श्री अकित जायसवाल द्वारा थाना प्रभारी नीमच कंेट एवं प्रभारी सायबर सेल को टीम का गठन कर चोरी गये पिकअप वाहन की तलाश हेतु सीसीटीवी फुटेज, अन्य तकनिकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र को मजबुत कर पिकअप वाहन को बरामद करने हेतु निर्देश दिये गये। पुलिस टीमों द्वारा माल मुल्जिम की पतारसी हेतु नीमच, मंदसौर, कपासन, निम्बाहेडा, चित्तौडगढ़, सांवलिया जी एवं आसपास क्षेत्रों में टोल नाकों एवं अन्य क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज, तकनिकी संसाधनों के आधार पर पिकअप चोरी तलाश की जाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु मुखबिर तंत्र को भी मजबुत किया गया। दिनांक 17.10.2024 को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि ग्वालटोली से चोरी गयी पिकअप वाहन को आरोपी मंदसौर तरफ से राजस्थान तरफ ले जा रहे है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा भरभडीया फोरलेन पर स्टापर लगाकर नाकाबंदी करते कुछ समय बाद मुखबिर द्वारा बताये हुलियें की एक सफेद चाकलेटी रंग की चार पहिया वाहन महिन्द्रा बोलेरो पिकअप आती दिखी जिसके अंदर काले रंग की शर्ट वाला व्यक्ति पिकअप चलाता दिखा। जिसे हाथ का ईशारा देकर रोका गया। पीकप वाहन में आसमानी रंग एवं सफेद रंग का शर्ट पहने दो और व्यक्ति बैठे दिखे। जिनका नाम पता पुछते अपना नाम क्रमशः 01 अरफान उर्फ पप्पु पिता मजीद कागला मुल्तानी मुस. उम्र 23 साल नि. मुल्तानपुरा थाना–वायडीनगर मंदसौर 02 जफर पिता मुबारिक टांडिया मुल्तानी उम्र 30 साल नि.सदर 03 सईद पिता मजीद कागलामुल्तानी मुस.उम्र 22 साल नि.सदर का होना बताया। उक्त व्यक्तियों से पिकअप वाहन के दस्तावेज के संबंध में पूछते कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। संदिग्ध होने पर तीनों संदिग्धों को थाना नीमच कंेट पर लाकर हिकमत अमली से पूछताछ करते उक्त पिकअप वाहन को अपने अन्य साथीयों के साथ अभ्य पिकअप वाहन में बैठकर आकर ग्वालटोली से पिकअप वाहन चोरी करना कबूला। पिकअप वाहन के चेचिस नंबर व इंजन नंबरों की मिलान करते थाना नौमचकेंट के अपराध में चोरी गई पिकअप होना पाई गई। जिसे जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी 01 अरफान उर्फ पप्पु पिता मजीद कागला मुल्तानी मुस उम्र 23 साल नि. मुल्तानपुरा थाना–वायडी नगर मंदसौर 02 जफर पिता मुबारिक टांडिया मुल्तानी उम्र 30 साल नि. सदर 03 सईद पिता मजीद कागला मुल्तानी मुस उम्र 22 साल नि.सदर जप्त मनुका महिन्द्रा बोलेरो पिकअप एमपी 04 जीए 7467 किमती 06 लाख रूपये सराहनीय कार्य –उक्त कार्यवाही में निरी पुष्पा सिंह चौहान, उनि बी.एल. चौहान, सउनि श्यामलाल नागलोय, प्र.आर. श्रीपाल सिंह चन्द्रावत, प्रआर प्रदीप शिन्दे, (सायबर सेल), आर लखन प्रताप (सायबर सेल), आर. कुलदीप सिंह (सायबर सेल), प्रआर सुरेश बोराना, आर. प्रहलाद गुर्जर, आर दशरथ मालवीय का योगदान रहा।

## एस.डी.एम.सप्ताह में एक दिन सिंगोली और रामपुरा में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करेंगे

*ग्राम पंचायतों में भी होगी मंगलवार को जनसुनवाई*

नीमच 18 अक्टूबर 2024, कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा ने एक आदेश जारी कर एस.डी.एम. मनासा एवं जावद को सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर तहसील रामपुरा एवं सिंगोली में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करने के आदेश जारी किये है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। इसी तरह उपखंड एवं तहसील कार्यालय के साथ ही अब प्रत्येक मंगलवार को प्रातरू 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ग्राम पंचायत स्ध्तर पर भी जनसुनवाई की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने सभी पटवारियों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, महिला बाल विकास की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारीएवं विद्युत विभाग के लाईन परिचारक को निर्देशित किया है, कि वे मंगलवार को ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे और ग्रामीणों की समस्याओं, प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करे।

## कलेक्टर एवं डी.एफ.ओ. ने किया वन राजस्व भूमि का संयुक्त निरीक्षण

*कलेक्टर एवं डी.एफ.ओ. ने मोरवन, जनकपुर में किया मौका मुआयना*



नीमच 18 अक्टूबर 2024, कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा एवं वनमण्डलाधिकारी श्री एस.के.अटोदे ने शुक्रवार को नीमच जिले की जावद तहसील के ग्राम जनकपुर एवं मोरवन में एम.पी.आई.डी.सी. को उद्योगों के लिए आवंटित की गई भूमि का मौका मुआयना किया।

कलेक्टर ने ग्राम जनकपुर में सनलाईट अल्कोलाईड उद्योग द्वारा स्थापित किए जा रहेउद्योग निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया। उन्ध्होंने मोरवन में रैयान टैक्सटाईल उद्योग के लिए आवंटित 50 हेक्टेयर भूमि का भी मौके पर अवलोकन किया। कलेक्टर एवं डी.एफ.ओ. ने वन राजस्व भूमि के नक्ध्शों, खसरों का अवलोकन किया और मौके पर वन एवं राजस्व विभाग की भूमि की जानकारी ली तथा वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अरविंद डामोर , एस.डी.एम.श्री राजेश शाह, एस.डी.ओ.(वन) श्री दशरथ अखण्ड, तहसीलदार श्री सलोनी पटवा, रेंजरश्री विपुल प्रभात करोरिया सहित वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

# एमपी मे माइंनिग सेक्टर को मिले १९६५० करोड , हीरे के बाद सोना भी निकालेगा मध्यप्रदेश : सीएम मोहन यादव



माइनिंग कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत की वसुंधरा में मध्यप्रदेश हृदय प्रदेश होने के साथ रत्न–गर्भा भी है। पन्ना में हीरों का भंडार प्रदेश को अलग पहचान देता है। अब हीरों के साथ सोना भी प्रदेश की धरती से निकलेगा। अन्य खनिजों के खनन के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। बैतूल और छिंदवाड़ा में ही पांच हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपाल। मध्य प्रदेश के विकास को गति देने की दिशा में अब माइनिंग सेक्टर में निवेश की संभावनाएं बढ़ी हैं। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में दो दिन चले माइनिंग कॉन्क्लेव में 11 औद्योगिक संस्थानों की ओर से 19 हजार 650 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इनमें अकेले बैतूल और छिंदवाड़ा में ही पांच हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

राम मंदिर के गर्भगृह में लगा मप्र का पत्थर शुक्रवार को कॉन्क्लेव के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में समृद्ध खनिज संपदा है। प्रदेश में हीरे के बाद सोना भी निकाला जाएगा। इस संपदा के दोहन के लिए प्रयास बढ़ाते हुए खनिज क्षेत्र में नए निवेश को पूरा प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्व का विषय है कि गोंडवाना अंचल के मंडला जिले में खनन से प्राप्त पत्थर का उपयोग अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर के गर्भ गृह में लगाने का सौभाग्य मध्यप्रदेश को मिला। यह पत्थर गुणवत्ता की दृष्टि से इस योग्य पाया गया कि उसे गर्भगृह में स्थान मिला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस पत्थर का नमूना भी भेंट किया गया।

मप्र खनिज संपदा से समृद्ध – मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित ही मध्यप्रदेश खनिजों के मामले में भी अद्वितीय है। भारत की वसुंधरा में मध्यप्रदेश हृदय प्रदेश होने के साथ रत्न–गर्भा भी है। पन्ना में हीरों का भंडार प्रदेश को अलग पहचान देता है। अब हीरों के साथ सोना भी प्रदेश की धरती से निकलेगा। अन्य खनिजों के खनन के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खनिज संपदा का दोहन करते हुए उत्पादन भी प्रदेश में ही हो, ऐसे प्रयास किए जाएं। खनिज से वर्तमान में 10 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है, राजस्व में पांच गुनावृद्धि का लक्ष्य आने वाले समय में मध्य प्रदेश द्वारा प्राप्त किया जाएगा।

संयुक्त उद्यम समझौता मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में कॉन्क्लेव में एमओआईएल (भारत सरकार का उपक्रम) और मध्य प्रदेश राज्य खनिज निगम लिमिटेड के मध्य खनिज ब्लॉक से संबंधित संयुक्त उद्यम समझौता हस्ताक्षरित हुआ। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के खनिज मंत्रालय द्वारा प्रकाशित माइनिंग सेक्टर रिफॉर्म्स का विमोचन किया। मुख्यमंत्री को मायल कंपनी के सीएमडी द्वारा दो करोड़ 78 लाख 94 हजार 725 रुपये का लाभांश चेक भेंट किया गया।

## रबी के लिए किसानों को समय से मिलें उत्तम उर्वरक और बीज रू एपीसी श्री सुलेमान

रबी फसलों के लिए किसानों को समय से उत्तम उर्वरक और बीज मिलना सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में सभी उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। डीएपी के समान ही एनपीके गुणवत्ता युक्त है। इसमें फसलों के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्व हैं। किसान नरवाई ना जलाएं, सुपर सीडर का उपयोग करें। प्रदेश में कहीं भी खाद, बीज का अवैध भंडारण, कालाबाजारी अथवा अमानक विक्रय न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। समर्थन मूल्य पर सोयाबीन विक्रय के लिए किसानों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाए। एपीसी श्री मोहम्मद सुलेमान ने यह निर्देश आज नर्मदा भवन में संपन्न भोपाल एवं नर्मदापुरम संभागों के लिए खरीफ–2024 की समीक्षा एवं रबी 2024– 25 की तैयारियों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कृषि, सहकारिता, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, उद्यानिकी आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन श्री डी.पी. आहूजा, प्रमुख सचिव उद्यानिकी श्री अनुपम राजन, सचिव कृषि श्री एम. सेलवेंद्रन, संभागायुक्त भोपाल श्री संजीव सिंह, संभागायुक्त नर्मदापुरम श्री के.जी. तिवारी, संबंधित जिलों के कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। विभिन्न योजनाओं के सफल हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी बैठक में साझा किए।

एपीसी श्री सुलेमान ने कहा कि प्रदेश में सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन का कार्य जारी है। आगामी 25 अक्टूबर से सोयाबीन की खरीदी की जाएगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। सोयाबीन खरीदी के लिए किसानों को टोकन दिए जाएं, जिससे उन्हें अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। किसानों की सुविधा के लिए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त केंद्र एक–दो दिन में खोल दिए जाएंगे। खरीदी में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों का प्रयोग किया जाए।` उन्होंने बताया कि रबी 2024–25 के लिए प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। रबी के लिए प्रदेश में कुल 16. 43 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है, जिसमें 6.88 यूरिया, 1.38 डीएपी, 2.70 एनपीके, 4.08 डीएपी +एनपीके, 4.86 एसएसपी और 0.61 लाख मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक उपलब्ध है। प्रदेश में रबी फसलों के अंतर्गत मुख्य रूप से चंबल एवं ग्वालियर संभागों में सरसों 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, सागर संभागों में चना, मसूर 20 अक्टूबर से 10 नवंबर तक, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, चंबल, सागर, नर्मदापुरम में गेहूं 1 नवंबर से 30 नवंबर तक तथा जबलपुर, रीवा एवं शहडोल संभागों में गेहूं एवं चना की फसलों की बोनी 15 नवंबर से 31 दिसंबर तक की जाती है।

## टीम बनाकर करें बिजली चोरी प्रकरणों की जांच ऊर्जा मंत्री ने की पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के कार्यों की समीक्षा



ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जबलपुर में बिजली चोरी के प्रकरणों पर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य जिलों में भी इसी तरह की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बड़े बकायादारों एवं बड़े संस्थानों में बड़े घरों में चोरी करते पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई करेंगे तो इसका संदेश अच्छा जायेगा। टीम बनाकर बिजली चोरी पकड़ने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर माना जायेगा कि अधिकारी भी इसमें शामिल हैं। श्री तोमर ने कहा कि जबलपुर की टीम को वे स्वयं सम्मानित करेंगे। श्री तोमर के यह बातें पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा के दौरान कही।

श्री तोमर ने कहा कि मीटर रीडिंग के आधार पर बिलिंग करें। उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि वरिष्ठ अधिकारी शिकायतों के निराकरण की सतत समीक्षा करें।

भंडार की जांच करायेंगे – श्री तोमर ने कहा कि बाहर से टीम भेजकर भंडार की जांच करायेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत की सभी सामग्रियाँ भंडार में उपलब्ध होनी चाहिए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जहाँ मीटर जप्त किये जाते हैं, वहा पंचनामा बनाकर पैकिंग की जाये। वितरण हानिया कम करें। अच्छा कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करें। खराब काम करने वालों का ट्रांसफर नहीं दण्डित करें। बिलिंग क्षमता में वृद्धि करें। सभी ट्रांसफार्मर में लाइटनिंग रेसिस्टेंट लगवायें।

समय पर पूरा करें आरडीएसएस के कार्य – ऊर्जा मंत्री ने आरडीएसएस के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना में स्वीकृत सभी कार्यों को समय–सीमा में पूरा करें। समय पर कार्य पूरा नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें और की गयी कार्यवाही की जानकारी मुझे दें। उन्होंने स्मार्ट मीटर लगाये जाने सहित अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी श्री अनय द्विवेदी ने कहा कि बिजली चोरी पकड़ने के लिये विजिलेंस के साथ ही ओएण्डएम के स्टॉफ को भी जिम्मेदारी दी गयी है। बड़े संस्थानों में चोरी पकड़े जाने पर स्टाफ की भी जिम्मेदारी तय की जायेगी। इस दौरान ऊर्जा विभाग के ओएसडी श्री विजय गौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सतना मे एक हजार की रिश्वत लेते पटवारी धराया ।



सतना के रामपुर बघेलान में लोकायुक्त ने पटवारी को 1000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता ने ऋण पुस्तिका बनाने के लिए रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। पटवारी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जमानत पर रिहा किया गया।

ऋण पुस्तिका बनाने के लिए मांगी थी 1000 की रिश्वत – नईदुनिया प्रतिनिधि, सतनारू रामपुर बघेलान में एक पटवारी को लोकायुक्त टीम ने 1000 रुपए लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कृष्णगढ़ हल्के का पटवारी सुरेश साकेत पुश्तैनी जमीन का बंटवारा हो जाने के बाद ऋण पुस्तिका बनाने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। शुक्रवार को की गई कार्रवाई हो जाने के बाद पटवारी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। लोकायुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रामपुर बघेलान तहसील के कृष्णगढ़ के रामनाथ प्रजापति ने शिकायत की थी। शिकायत में प्रार्थी ने बताया कि पुस्तिका बनाने के लिए पटवारी पैसे की मांग कर रहे हैं।

लोकायुक्त ने की कार्रवाई – लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक ने शिकायत प्रमाणित पाए जाने पर 16 सदस्य टीम का गठन कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। टीम ने शुक्रवार की देर दोपहर रामपुर बघेलान में कार्रवाई करते हुए पटवारी सुरेश साकेत को 1000 रुपए लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। संबंधित पटवारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया हैं।

## अस्पताल से भागा गोली चलाने का आरोपित, फिर हुआ हाजिर



जयारोग्य अस्पताल से भागे आरोपित ने पुलिस के आगे सरेंडर कर दिया है। आत्मसपर्मण करने की पीछे पुलिस के उसके स्वजनों पर दवाब बढाना था। पुलिस ने आरोपित के भागने के बाद उसके स्वजनों को थाने में बैठा लिया था। इस वजह से आरोपित पुलिस के पास पहुंच गया। पुलिस अब आरोपित से भागने की वजह को लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस कर रही है आरोपित से पूछताछ, आखिर क्यों भागा ग्वालियर। जयारोग्य अस्पताल से भागा आरोपित मोहित सिकरवार सुबह खुद ही लौट आया। वह जब अस्पताल से फरार हुआ तो पुलिस सीधे उसके घर पहुंची। इसके अलावा उसके रिश्तेदारों के घर भी पुलिस पहुंची। जब स्वजन पर दबाव बनाया और मोहित तक खबर पहुंची तो वह खुद हाजिर हो गया। अब पुलिस उसकी अधिकृत गिरफ्तारी करेगी।

पुरानी छावनी क्षेत्र में मोहित सिकरवार और संदीप भदौरिया ने एक–दूसरे पर गोली चलाई थी। दोनों पर पुलिस ने हत्या के प्रयास की एफआइआर दर्ज की थी। दोनों को गोली लगी, इसलिए यह लोग अस्पताल में भर्ती हैं। रात को मोहित पुलिसकर्मियों को चकमा देकर अस्पताल से भाग गया। जब पुलिसकर्मियों को खबर लगी तो हड़कंप मच गया। रात में ही पुरानी छावनी थाना प्रभारी विनय सिंह तोमर फोर्स के साथ यहां पहुंच गए। पुलिस अस्पताल के बाद उसके घर पहुंची। यहां जब स्वजन को थाने लाकर बैठाया तो मोहित सुबह खुद हाजिर हो गया। सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है, आखिर वह अस्पताल से क्यों भागा था।

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

